प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## किसान मेले में खरीफ फसलों के बीजों की भारी बिक्री

विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों के स्टालों से खरीफ की विभिन्न फसलों के बीजों की बिक्री हो रही है। मेले के दूसरे दिन आज दोपहर तक फसल अनुसंधान केन्द्र, प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र, विश्वविद्यालय फार्म तथा एटिक द्वारा लगभग 5.00 लाख रूपये के विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की बिक्री की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं संगंध पौध अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र के स्टालों से लगभग 54 हजार रूपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही प्रकाशन निदेशालय तथा एटिक के स्टाल से लगभग 5 हजार रूपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई। इनके अतिरिक्त मेले में लगे निजी क्षेत्र के विभिन्न स्टालों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के बीजों एवं पौधों की बिक्री की गयी।

मेले के दौरान शैक्षणिक पशुधन प्रक्षेत्र पर आज संकर बछियों की नीलामी में किसानों ने प्रतिभाग किया। मेले के दूसरे दिन दोपहर तक लगभग 2 हजार किसानों ने अपना पंजीकरण कराया। इसके अतिरिक्त लगभग 2 हजार अपंजीकृत किसानों द्वारा भी मेले का भ्रमण किये जाने का अनुमान है। विशेष व्याख्यान माला के अंतर्गत मोटे अनाजों की उन्नत खेती एवं मूल्यवर्धन से आय संवर्धन विषय पर विस्तार से किसानों को बताया गया तथा मार्गदर्शन दिया गया। गांधी हाल में किसान गोष्ठी में किसानों द्वारा फसल, पुष्प, उद्यान, पशुपालन, प्राकृतिक खेती से संबंधित प्रश्नों का कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उत्तर एवं शंका का समाधान किया गया। विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों को उद्यान केन्द्र, औषधीय केन्द्र और ट्रीट केन्द्र, डेयरी व अन्य अनुसंधान केन्द्रों पर भ्रमण भी कराया गया।



*प्रकाशन निदेशाल के स्टाल पर पुस्तकों का अवलोकन करते किसान।*